निःशुल्क निर्देशन एवं परामर्श शिविर का आयोजन

स्थलः– मनोविज्ञानशाला, उ0प्र0, प्रयागराज

(निकट राजकीय इण्टर कालेज, प्रयागराज)

दिनांक : 26 सितम्बर 2024 (समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक)

हाई–स्कूल / इण्टर बोर्ड परीक्षा / प्रतियोगी परीक्षा से सम्बन्धित समस्याओं (अध्ययन हेतु एकाग्र न हो पाना, शैक्षणिक तनाव, घर के बाहर रहने में तनाव (Home Sickness), परीक्षा से भय, अच्छे अंक न आने का भय, परीक्षा से सम्बन्धित दबाव इत्यादि) और बच्चों में बढ़ती हुई संवेगात्मक एवं शिक्षा सम्बन्धी अन्य समस्याओं जैसेः–झूठ बोलना, जिद्द करना, आक्रामकता, स्कूल जाने से बहाना करना, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (मोबाइल, आईपैड, लैपटाप, हेडफोन इत्यादि) के अत्यधिक प्रयोग के कारण संवेगात्मक व्यवहार सम्बन्धित समस्याएं, मन उदास रहना, लोगों से मिलने जुलने मे असहज महसूस करना, एक ही कार्य को बार–बार करने की आदत एवं मानसिक समस्याएं जैसे– तनाव, चिन्ता, अनिद्रा, सिर दर्द, अवसाद आदि से ग्रस्त छात्र–छात्राएं अपनी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के समाधान हेतु उक्त तिथि में परामर्श (Counselling) प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में आने वाले परामर्श प्रार्थी अपना निःशुल्क रजिस्ट्रेशन संस्थान के टोल फ्री नं0 1800–180–5311 पर एवं संस्थान में उपस्थित हो कर शिविर के पूर्व भी करा सकते हैं।

सौरभ कुमार
(प्रभारी)

(ऊषा चन्द्रा)
निदेशक
मनोविज्ञानशाला, उ0प्र0,
प्रयागराज